## प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- दिग्गज उद्योगपति दिवंगत रतन टाटा का आज शाम मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा अंतिम संस्कार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अंत्येष्टि कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राज्य सरकार और जांच एजेंसियों को पत्र लिखकर पथ निर्माण विभाग की टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।
- राजधानी रांची में 10 जून 2022 में हुई हिंसा मामले में तीन और अभियुक्तों के खिलाफ आरोप तय।
- केंद्र सरकार ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रांची में ई.एस.आई.सी के जरिए मेडिकल कॉलेज खोलने का लिया निर्णय।
- चतरा में टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के दस्ते और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए।

*******************

दिग्गज उद्योगपति दिवंगत रतन टाटा का आज शाम मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शामिल होंगे। अभी अंतिम दर्शन के लिए श्री टाटा के पार्थिव शरीर को मुंबई स्थित एनसीपीए में रखा गया है, जहां शाम 4 बजे तक लोग उनके दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गौरतलब है कि देर रात 86 वर्ष की आयु में रतन टाटा का मुंबई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। इधर राज्य सरकार ने रतन टाटा के निधन पर झारखंड में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। रतन टाटा के निधन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त किया है।

आपको बता दें कि रतन टाटा का जमशेदपुर शहर से खास लगाव था। वे सन 1962 में टाटा समूह में सहायक के रूप में शामिल हुए थे। उसी वर्ष टाटा इंजीनियरिंग एंड लोकोमोटिव कंपनी के जमशेदपुर संयंत्र में छह माह की ट्रेनिंग ली थी। वे अंतिम बार 3 मार्च 2021 को जमशेदपुर आए थे।

*******************

गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने पथ निर्माण विभाग में आमंत्रित और आवंटित निविदाओं में बरती जा रही अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। श्री चौधरी ने इस कार्य में शामिल संवेदक और पदाधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की भी जांच का आग्रह किया है। सांसद ने इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल निगरानी एवं समन्वय विभाग के सचिव और संबंधित विभाग के सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि आमंत्रित और आवंटित निविदाओं में बरती जा रही अनियमिता से सरकार को वित्तीय क्षति हो रही है।

*******************

राजधानी रांची में 10 जून 2022 को हुई हिंसा से जुड़े एक मामले में तीन और आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किया गया है। अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने नवाब चिस्ती उर्फ समद, शकील उर्फ कारू और नदीम अंसारी पर आरोप तय किया है। मामले में अब अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही करायी जाएगी। मामले में पूर्व से 11 आरोपी ट्रायल फेस कर रहे हैं। रांची हिंसा मामले में अलग–अलग थानों में 48 से अधिक मामले दर्ज हैं। एक मामले की जांच सीआईडी ने की है जबकि अन्य मामलों में ट्रायल जारी है।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की गो–गो दीदी योजना की लोकप्रियता को देखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घबरा गये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके डराने–धमकाने का प्रभाव भाजपा कार्यकर्ताओं पर नहीं पड़ने वाला है।

उधर, झामुमो ने भाजपा की गो–गो दीदी योजना के खिलाफ आपत्ति जतायी है। झामुमो नेता विनोद पांडेय ने निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिलकर भाजपा की गो–गो दीदी योजना के खिलाफ शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

*******************

केंद्र सरकार ने रांची में ई.एस.आई.सी के जरिए मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। केंद्रीय श्रम एवं नियोजन मंत्री मनसुख मंडवीय ने नयी दिल्ली में इसकी घोषणा की। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर केंद्र ने यह मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि रक्षा राज्य मंत्री बनने के बाद संजय सेठ ने मनसुख मांडवीय से मुलाकात कर रांची में ईएसआईसी के अस्पताल को बड़ा रूप देने की जरूरत बतायी थी।

*******************

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज दोपहर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तेजस राजधानी एक्सप्रेस का साहिबगंज स्टेशन पर ठहराव और साहिबगंज–हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

गुमला जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी में प्रोजेक्ट किशोरी के तहत स्थापित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित सैनेटरी नैपकिन उत्पादन केंद्र का उद्घाटन किया गया है।

*******************

राज्य की महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी ने बोकारो में चौकीदार पद के सभी सफल 156 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। जिले की उपायुक्त विजया याधव ने बताया कि नियुक्ति प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती गई है।

*******************

गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने जानकारी दी है कि देवघर एयरपोर्ट से अब मुंबई के लिए भी सीधी उड़ान सेवा शुरू होगी। उन्होंने कहा कि देवघर से मुंबई के लिए फ्लाइट शुरू होने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी तेज गति मिलेगी।

*******************

चतरा जिले के सदर और वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के जंगल में टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के दस्ते और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए जबकि एक उग्रवादी घायल हो गया। चतरा एसपी विकास पांडेय ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान यह मुठभेड़ हुई।

*******************

दुनिया भर में आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन मानसिक स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने और दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य। इस वर्ष के विषय में कार्य स्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने, इससे जुड़े खतरों के निपटान और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने जैसे उपायों की दिशा में एकीकृत कार्य के महत्व को रेखांकित किया गया है।

*******************

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ–जेएससीए ने 2024–25 के लिए रणजी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान ईशान किशन को सौंपी गयी है। रणजी ट्रॉफी के 2024–25 सत्र में झारखंड एलिट ग्रुप–डी में असम, रेलवे, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, सौराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु के साथ है। झारखंड का पहला मुकाबला असम के साथ होगा।

*******************

महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में भारत ने दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप–ए के मुकाबले में श्रीलंका को 82 रनों से हरा दिया। वहीं दूसरी ओर, भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम ने नयी दिल्ली में दूसरे ट्वेंटी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को 86 रन से हरा दिया।

*******************